स्वदेश
लखनऊ - मुख्य संस्करण
25 July 2022

बच्चों ने सीखे दंत सुरक्षा के गुर

स्वदेश संवाद, लखनऊ

जैक्सन ग्रुप ने लेट्स गिव होप फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एसडीएसएन पब्लिक स्कूल, गोमतीनगर विस्तार में डेंटल अवेयरनेस सेशन कराया। इस सेशन को डॉक्टर हेमा ढींगरा ने लिया। उन्होंने बच्चों को ओरल हाइजीन, ब्रशिंग, कैविटी के विषय में जानकारी दी। इस सेशन में 400 बच्चों ने प्रतिभाग किया। दांतों की बीमारियों और ब्रशिंग से संबंधित कई समस्याएं बच्चों ने रखी, जिसके निवारण और समाधान डॉक्टर हेमा ढींगरा ने बताया। सेशन का समापन जैक्सन ग्रुप ने सभी बच्चों को टूथपेस्ट और ब्रश देकर किया। सेशन के बाद बच्चों के साथ पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर लेट्स गिव होप फाउंडेशन के संस्थापक आशीष मौर्या, मानस, दिव्यांश, शांभवी, आद्या और एसडीएसएन के प्रधानाचार्य अवनी श्रीवास्तव और सभी शिक्षक उपस्थित रहे।